संख्या- 26 / 2017 / 1419 /चार-2016-60(वि) / 2016

प्रेषक,

डा0 हरिओम

सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,

संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,

जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊ :: दिनांक 16 मार्च , 2017**

विषय:-वेतन समिति उ0प्र0 2008 की संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयानुसार उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ के अन्तर्गत कथक केन्द्र लखनऊ में कार्यरत संगतकर्ताओं के वेतन पुनरीक्षण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव, उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ के पत्र संख्या-360/2016-17/392 दिनांक 12 अगस्त, 2016 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वेतन समिति उ0प्र0 2008 की संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयानुसार उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ के अन्तर्गत कथक केन्द्र लखनऊ में कार्यरत संगतकर्ताओं के वेतन पुनरीक्षण के सम्बन्ध में की गई संस्तुतियों पर सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा संशोधनो के साथ शासकीय संकल्प संख्या-वे0आ0-2-252/दस-54(एम)2008 टीसी दिनांक 07 फरवरी, 2009 के माध्यम से स्वीकार कर ली गयी है।

2- वेतन समिति उक्त संस्तुतियों एवं शासकीय संकल्प दिनांक 07-02-2009 के क्रम में वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या- वे0आ0-2-3263/दस-59(एम)/2008 टीसी दिनांक 12-01-2011 के आलोक में उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ के अन्तर्गत कथक केन्द्र लखनऊ में कार्यरत समूह ग के संगतकर्ताओं के पदों का पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य सादृश्य वेतन बैण्ड-1 5200-20200 ग्रेड वेतन 2000 के स्थान पर संशोधित उच्चीकृत वेतनबैण्ड- 5200-20200 ग्रेड वेतन -2800 तात्कालिक प्रभाव अर्थात (विभागीय शासनादेश निर्गत होने की तिथि से) पूर्व निर्धारित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन किये जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

3- उच्चीकृत ग्रेड वेतन में वेतन निर्धारण वित्त विभागके शासनादेश दिनांक 24 दिसम्बर, 2009 में निर्धारित व्यवस्था के अनुसार किया जायेगा।

4 - यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्या- वे0आ0-2-244/दस-2017, दिनांक 06 मार्च , 2017 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(डा0 हरिओम)

सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/

संख्या: 26 / 2017 / 1419 (1)/चार-2016 तद्दिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7 , उ0प्र0 शासन।
4- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
5- वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2 (02 प्रतियों में)
6- निदेशक, अधिष्ठान पुनरीक्षण ब्यूरों , वित्त विभाग , सचिवालय।
7- वित्त नियंत्रक , संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
8- सचिव, उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ तथा कथक केन्द्र लखनऊ।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(लुटावन राम)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।